दैनिक जागरण
बरेली, शुक्रवार
8 मार्च, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 24

तनाव से जूझ रहीं 41 प्रतिशत महिलाएं

जासं, बरेली : महिला दिवस पर एसआरएमएस की वरिष्ठ फिजिशियन डा. स्मिता के नेतृत्व में एक वेबिनार होगा, जिसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से महिला डाक्टर प्रतिभाग कर रही हैं। इसमें महिलाओं को होने वाली बीमारियों के बारे में चर्चा होगी। यह भी निष्कर्श निकाला जाएगा कि किस तरह से महिलाओं को होने वाली बीमारी से बचाया जा सके। वेबिनार में शामिल होने वाली प्रयागराज की डा. अनुभा श्रीवास्तव बताती हैं कि एक शोध के अनुसार भारत में 41 प्रतिशत महिलाएं ऐसी हैं जो स्ट्रेस से जूझ रही हैं। इसमें भी 32 प्रतिशत ऐसी हैं जो दुखी हैं। डा. स्मिता ने बताया कि कार्यक्रम में डा. अनुभा के अलावा गुरुग्राम की डा. निर्मला यादव, झांसी से डा. पदमा गुलाटी, जयपुर से डा. मीनल मोहित, लखनऊ से डा. प्रेरणा कपूर, औरंगाबाद से डा. अर्चना सादरा, जयपुर से डा. रुचि गुप्ता, मुंबई से डा. अनामिका आदि मौजूद रहेंगी।